

# 7 जग और मग

## नींबू पानी बनाओ और मज़े से पिओ

तुम्हें चाहिए



आधा नींबू



एक चुटकी नमक



एक चम्मच चीनी



एक गिलास पानी

कैसे बनाएँ –










अंदाज़ा लगाओ और फिर पता करो –

 आधे नींबू से तुम्हें कितनी बूँद नींबू का रस मिलता है? ____________

 एक पूरे नींबू से तुम्हें कितनी बूँद नींबू का रस मिलता है? ____________

नींबू के रस की कितनी बूँदों से एक  चम्मच भर जाएगा। ____________

अपने नींबू पानी का आनन्द उठाओ!

कोई पेय बनाने के लिए आमतौर पर आसपास उपलब्ध वस्तुओं का प्रयोग किया जा सकता है और पेय पदार्थ का नाम भी बदला जा सकता है। मुख्य रूप से ध्यान आयतन पर होना चाहिए।

© NCERT not to be republished

6 गिलास नींबू पानी बनाने के लिए –

तुम्हें कितने नींबू चाहिए? ___________








उसे कितना पैसा देना होगा? ____________

चैत्रा ने देखा कि 2 छोटे गिलास से 1 बड़ा गिलास भरता है।

© NCERT not to be republished

कितने छोटे गिलास नींबू पानी से एक जग भरेगा? __________

कितने छोटे गिलास नींबू पानी से आधा जग भरेगा? __________

## बर्तन भरने का मज़ा

पता करो कितने कप पानी से तुम्हारी बोतल भरेगी।

पहले अंदाज़ा लगाओ और फिर करके देखो।

अब उसी कप से दूसरी बोतल भरो।



किस बोतल में कम पानी भरा है?

इसे दूसरी बोतल में डालकर देखो।

किस बोतल में सबसे कम पानी है?

सुनयना और जसप्रीत रसोईघर से कई तरह के **बर्तन** लाए। उनके पास एक जग, एक गिलास, एक मग, एक भगौना और एक कटोरा था।

उन्होंने इन सबको एक कप से भरा।



© NCERT not to be republished

अंदाज़ा लगाओ, किस बर्तन में सबसे कम पानी है। _______________

किस बर्तन में सबसे ज़्यादा पानी है? _______________



अब तुम अपने रसोईघर से अलग-अलग तरीके के बर्तन जमा करो।





इन सभी बर्तनों को भरने के लिए एक ही कप का इस्तेमाल करो।

हर बर्तन में कितने कप पानी आ सकता है?

पहले अंदाज़ा लगाओ, फिर करो।

जिसमें ज़्यादा पानी भरा जा सकता है उस पर गोला लगाओ।

## रानी और दूधवाला

अनिल दूधवाला है। वह रोज़ रानी के घर एक बराबर दूध देता है। वह रानी के

| *कौन से बर्तन का इस्तेमाल किया* | *इसे भरने में कितना कप पानी लगा* |
|---|---|
|  | |
| | |
| | |
| | |



© NCERT not to be republished

( क )



( ख )



( ग )



( घ )



© NCERT
not to be republished

दूध के बर्तन को भरने में तीन बार अपने मग का इस्तेमाल करता है।

पर एक दिन रानी की माँ ने उसे दूध के लिए एक दूसरा बर्तन दिया।

रोज़ तो रानी का बर्तन पूरा भर जाता था। पर आज उसका बर्तन पूरा नहीं भरा था।

क्या तुम सोचते हो अनिल ने रानी को कम दूध दिया? पता लगाने में उसकी मदद करो।




***पता लगाओ***

तुम्हारी माँ रोज़ कितना दूध लेती हैं? ________________

## अपने आप करो

अपने रसोईघर से अलग-अलग तरह के पाँच बड़े बर्तन लो।

सब बर्तनों को बारी-बारी से 1 जग पानी से भरो।

तुमने क्या देखा? ऐसा क्यों हुआ?

अपने दोस्तों से इसके बारे में बात करो।

## प्यासा कौआ

© NCERT not to be republished

चरपी कौआ बहुत प्यासा था। उसने सब ओर देखा पर उसे कहीं पानी नहीं दिखा। अचानक उसे एक मटका दिखाई दिया।

जब उसने पानी पीने की कोशिश की तो पाया कि मटके में बहुत कम पानी था। उसने पास में ही कंकड़ देखे।

उसने एक-एक करके मटके में कंकड़ डाले।




पानी ऊपर आ गया




चरपी कौए ने पानी पिया और उड़ गया।

**क्या तुम चरपी की तरह बनना चाहते हो?**



© NCERT not to be republished

क्या तुम जानना चाहते हो कि  मटके का पानी ऊपर कैसे आया?

एक ही आकार के दो  गिलास लो।

दोनों गिलासों को पानी से आधा–आधा भर लो।

अंदाज़ा लगाओ कि पहले गिलास के पानी को गिलास के ऊपर तक लाने के लिए तुम्हें इमली के कितने बीजों की ज़रूरत पड़ेगी।

अब इसे करो।

कितने बीजों का इस्तेमाल हुआ है? गिनो और लिखो ______________

अब उतने ही कंचे दूसरे गिलास में डालो।


क्या हुआ?

इस काम को दुबारा करो। अब गिलास में बड़े पत्थर डालो।

अब क्या हुआ? क्यों?

इसके बारे में कक्षा में बात करो।

## पानी कितना चाहिए





© NCERT not to be republished

पता करो तुम्हारे घर में नीचे दिए गए हर एक काम में कितने मग या कितनी बाल्टी पानी लगता है।

अंदाज़ा लगाओ और पता करो –





__________

__________



__________



__________

(क) एक बाल्टी कितने मग पानी से भर जाती है? __________

(ख) तुम नहाने के लिए कितने बाल्टी पानी का इस्तेमाल करते हो?



एक गुब्बारा भरने में कितने पानी की ज़रूरत होती है?

__________



पिचकारी भरने में कितने पानी की ज़रूरत होती है?

__________

एक बार में मैं 9 बाल्टी पानी पी सकता हूँ। एक बारी में मेरे जैसे दो ऊँट कितनी बाल्टी पानी पी सकते हैं?



बच्चों को ये क्रियाएँ घर में करने तथा जो देखा उसे नोट करने के लिए प्रेरित करें। अलग-अलग आयतन के बर्तनों के इस्तेमाल के संदर्भ में बच्चों से चर्चा करें।

© NCERT not to be republished